gradeup

साप्ताहिक वन लाइनर्स

22nd - 30th नवम्बर 2019

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

22-30 नवम्बर 2019

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने दिवालिया प्रक्रिया शुरू करने के लिए किसके बोर्ड को भंग किया ___ **दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (DHFL)।**

   नोट:
   - जनवरी में, एक वेब पोर्टल ने DHFL प्रमोटर्स पर कागज़ी कंपनियां बनाकर वित्तीय धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया था।
   - कुल 32 भारतीय और विदेशी बैंकों ने DHFL समूह की कंपनियों को 97,000 करोड़ रुपये उधार दिए, जिसमें से कई उधारकर्ता कंपनियों का पता, निदेशक और लेखा परीक्षक समान हैं।
   - DHFL बकाया ऋणों के आधार पर मार्च तक चौथी सबसे बड़ी भारतीय आवास वित्त कंपनी है।

2. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विस के ग्राहकों के लिए न्यूनतम निवेश सीमा को बढ़ाकर कर दिया _____ **50 लाख रुपये।**

   नोट:
   - वर्तमान में, PMS में निवेश करने के लिए न्यूनतम टिकट सीमा 25 लाख रुपये है।
   - बाजार नियामक ने PMS के लिए निवल मूल्य आवश्यकता को भी पहले के 2 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया और मौजूदा पोर्टफोलियो प्रबंधकों को बढ़ी हुई आवश्यकता को पूरा करने के लिए 36 महीने दिए।
   - नियामक ने स्टॉक एक्सचेंजों को डिफॉल्ट के संबंध में जानकारी देने के लिए सूचीबद्ध कंपनियों को 31 दिनों की समय सीमा निर्धारित की है।

3. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने किसके प्रशासक को सलाह देने हेतु एक **तीन सदस्यीय समिति** का गठन किया___ **दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (DHFL)।**

   नोट:
   - IDFC फर्स्ट बैंक के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष राजीव लाल, ICICI प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी एन.एस. कन्नन और म्यूचुअल फंड्स एसोसिएशन AMFI के मुख्य कार्यकारी एन.एस. वेंकटेश समिति के सदस्य होंगे।
   - इससे पहले, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने संचालन के मुद्दों और गंभीर तरलता संकट के परिणाम स्वरूप डिफॉल्ट हुई DHFL के बोर्ड को भंग कर दिया था और कंपनी में एक प्रशासक नियुक्त किया था।

4. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **15वें वित्त आयोग** के कार्यकाल में कितना विस्तार किया _____**11 महीने।**

   नोट:
   - यह 2020-21 वित्तीय वर्ष के लिए कर अंतरण के नियम सुझाएगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- यह 1 अप्रैल 2020 से शुरू होने वाले पांच वित्तीय वर्षों के लिए करों और अन्य राजकोषीय मामलों के अंतरण के लिए सिफारिशें प्रदान करेगा।
- **आयोग के अध्यक्ष** एन.के. सिंह हैं, और पूर्णकालिक सदस्य अजय नारायण झा, अशोक लाहिड़ी और अनूप सिंह हैं।

5. फिच ग्रुप की कंपनी **इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च** ने वित्त वर्ष 2020 (2019-20) के लिए भारत की GDP विकास दर कितनी अनुमानित की _____ **5.6%।**

नोट:

- नए अनुमानों से पता चलता है कि वर्ष 2019-20 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर 4.7% रहने की संभावना है।
- **फिच रेटिंग्स** तीन बड़ी क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों में से एक है (अन्य दो - मूडीज़ और स्टैंडर्ड एंड पुअर्स)।

6. 10 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण आंकड़े को छूने वाली पहली कंपनी __ **रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL)।**

नोट:

- इसके शेयर 1,581 रुपये प्रति शेयर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गए।
- एक महीने पहले, रिलायंस इंडस्ट्रीज 9 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण को पार करने वाली पहली भारतीय कंपनी बनी थी।

7. **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)** ने किससे डूबते ऋणों पर चिंता व्यक्त की _____ **प्रधान मंत्री मुद्रा योजना।**

नोट:

- RBI के अनुसार, वर्ष 2017-18 में मुद्रा ऋण का प्रतिशत 2.52% था (अब वर्ष 2018 में बढ़कर 2.89% हो गया)
- बैंक ने यह भी कहा है कि योजना के तहत स्वीकृत ऋणों की संख्या बहुत बढ़ गई है।
- RBI के अनुसार, मंजूर किए गए 182 मिलियन मुद्रा ऋणों में से, 3.63 मिलियन खातों को डिफॉल्ट किया गया था।

8. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने दिशा-निर्देशों के कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने के लिए कॉर्पोरेशन बैंक पर कितना मौद्रिक जुर्माना लगाया _____ **1.50 करोड़ रुपये।**

नोट:

- यह कार्यवाही विनियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य बैंक द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय देना नहीं है।

श्रद्धांजलियां

1. अनुभवी अभिनेत्री और शबाना आजमी की माता जिनका आयु से संबंधित बीमारी के कारण मुंबई में निधन हो गया __ **शौकत कैफ़ी**

नोट:

- कैफी के पति प्रसिद्ध उर्दू कवि और फिल्म गीतकार कैफी आजमी थे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- शौकत कैफी और कैफी आजमी इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन (IPTA) और प्रोग्रेसिव राइटर्स एसोसिएशन (IWA) के प्रमुख सितारे थे, जो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सांस्कृतिक मंच थे।

2. मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता जिनका निधन हो गया ___ **कैलाश जोशी।**

नोट:

- श्री जोशी जिन्हें 'राजनीति का संत' कहा जाता था, ने मध्य प्रदेश के 9वें मुख्यमंत्री (जून 1977 से जनवरी 1978 तक) के रूप में कार्य किया।
- वह आठ बार विधायक रहे और राज्यसभा एवं लोकसभा दोनों सदनों के सदस्य के रूप में कार्य किया।

3. पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री जिनका चेन्नई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया ___**क्षिती गोस्वामी।**

नोट:

- गोस्वामी राज्य में वाम मोर्चा सरकार में ज्योति बसु और बुद्धदेव भट्टाचार्य के मंत्रिमंडल में PWD मंत्री थे।
- वह वर्ष 2012 से कुछ वर्षों तक RSP के राज्य सचिव भी थे।

4. तमिल टेलीविजन और फिल्म अभिनेता जिनका चेन्नई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया____ **बाला सिंह।**

नोट:

- बाला सिंह अत्यंत आत्मविश्वास के साथ खलनायक की भूमिका निभाने के लिए प्रसिद्ध थे।
- उन्होंने कमल हासन की इंडियन, उल्लासम, सिम्मारासी, धीना, विरुमांडी, सामी, कन्नाथिल मुथामित्तल, पुधुपेट्टई और कई अन्य फिल्मों में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।
- बाला को अंतिम बार धारावाहिक आथिरा में वर्ष 2016 में राजराजन के रूप में देखा गया था।

5. कार्टूनिस्ट जिनका नोएडा में हृदयगति रुकने के कारण निधन हो गया____**सुधीर डार।**

नोट:

- सुधीर डार ने अपने कैरियर की शुरुआत द स्टेट्समैन (वर्ष 1961 में) से की, जिसके बाद वह हिंदुस्तान टाइम्स में चले गए।
- डार के कार्टून प्राय: राजनीतिक थे, जो नौकरशाही और भारतीय राजनीति में सामान्य भ्रष्टाचार को प्रत्यक्ष रूप से निशाना बनाते थे।

6. पूर्व भारतीय नौसेना प्रमुख जिनका नई दिल्ली में निधन हो गया ____**एडमिरल सुशील कुमार।**

नोट:

- सुशील कुमार वर्ष 1998 से 2001 तक नौसेना प्रमुख थे।
- उन्होंने "ए प्राइम मिनिस्टर टू रिमेम्बर- मेमोरीज़ ऑफ ए मिलिट्री चीफ" नामक पुस्तक लिखी, जिसमें भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा लिए गए रक्षा-संबंधी प्रमुख निर्णयों पर प्रकाश डाला गया है।
- कुमार ने रणनीतिक सामरिक हार को भारी जीत में बदलने का श्रेय वाजपेयी जी को दिया था।

7. ऑस्ट्रेलियाई लेखक और प्रसारक जिनका कैंब्रिज स्थित आवास पर निधन हो गया ____**क्लाइव जेम्स।**

नोट:

- क्लाइव जेम्स वर्ष 1961 में इंग्लैंड चले गए और उन्होंने एक साहित्यिक समालोचक और टीवी समीक्षक के रूप में ख्याति प्राप्त की।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- उन्होंने क्लाइव जेम्स ऑन टेलीविज़न जैसे शो में अंतर्राष्ट्रीय प्रोग्रामों पर व्यंगपूर्ण टिप्पणी जारी रखी।

8. पुदुचेरी की उप-राज्यपाल **'किरण बेदी'** ने कहां पर **47वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस** (AIPSC) का उद्घाटन किया _____**लखनऊ।**

नोट:

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल शाम को विदाई समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।
- कार्यक्रम के 6 सत्रों के दौरान, पुलिस अधिकारी, शिक्षाविद, शोधकर्ता, न्यायिक एवं वैज्ञानिक विशेषज्ञ अपने पत्र प्रस्तुत करेंगे।

9. लोकपाल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) **पिनाकी चंद्र घोष** ने सर्वोच्च भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल के लिए **नया लोगो और आदर्श वाक्य** जारी किया, लोकपाल का आदर्श वाक्य है_____**मा गृध: कस्यस्विद् धनम।**

नोट:

- इससे पहले, लोगो और आदर्श वाक्य के लिए प्रविष्टियों को आमंत्रित करते हुए एक खुली प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।
- लोगो के लिए कुल 2,236 प्रविष्टियां और आदर्श वाक्य के लिए 4,705 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं थीं।
- उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के निवासी प्रशांत मिश्रा द्वारा डिजाइन किया गया लोगो चुना गया।

10. विश्व प्रसिद्ध चट्टान पर्वतारोही जिनका उत्तरी मैक्सिको में एक खड़ी चट्टान पर चढ़ने के दौरान गिरने से निधन हो गया _____**ब्रैड गोबराइट।**

नोट:

- प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि उन्होंने 900-मीटर (2,300-फुट) चोटी की चढ़ाई पूरी कर ली थी और दुर्घटना होने के समय वापस नीचे उतर रहे थे।
- अमेरिकी नागरिक गोबराइट (31 वर्षीय) और उनके साथी अमेरिकी एडन जैकबसन (26 वर्षीय) उस मार्ग पर चढ़ाई कर रहे थे जिसे उत्तरी राज्य नुएवो लियोन में शाइनिंग पाथ के नाम से जाना जाता है।

11. जापान के पूर्व प्रधान मंत्री जिनका निधन हो गया___ **यासुहिरो नाकासोन।**

नोट:

- नाकसोन ने वार्षिक रक्षा बजट को सकल राष्ट्रीय उत्पाद के 1% तक सीमित करने पर एक अलिखित नियम को भी तोड़ दिया।
- 1983 में, वह जापान द्वारा 1910 से 1945 तक क्रूरतापूर्वक उपनिवेश बनाए गए देश दक्षिण कोरिया की आधिकारिक यात्रा करने वाले पहले जापानी प्रधानमंत्री बने।

महत्वपूर्ण दिवस

1. महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर वर्ष मनाया जाता है _____**25 नवंबर।**

नोट:

- इस वर्ष का विषय "**Orange the World: Generation Equality Stands Against Rape**" है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- विषय में नारंगी रंग व्यापक मानव अधिकारों के उल्लंघन, जो दुनिया भर में हर तीन महिलाओं और लड़कियों में से 1 को प्रभावित करता है, के बिना एक बेहतर भविष्य का प्रतीक है।

2. पूरे देश में अपना **71वां स्थापना दिवस** किसने मनाया ____**नेशनल कैडेट कोर (NCC)।**

नोट:

- NCC दिवस जो हर वर्ष नवंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है, धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया।
- नेशनल कैडेट कोर तीनों सेनाओं का एक संगठन है, जिसमें सेना, नौसेना और वायु सेना शामिल हैं।

3. देशभर में संविधान दिवस मनाया जाता है ____**26 नवंबर।**

नोट:

- यह दिवस संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है (26 जनवरी 1950 को लागू हुआ)
- **प्रारूप समिति** के अध्यक्ष **बी.आर. अम्बेडकर** को व्यापक रूप से भारतीय संविधान का मुख्य निर्माता माना जाता है।

4. राष्ट्रीय दुग्ध दिवस (NMD) हर वर्ष मनाया जाता है___ **26 नवंबर।**

नोट:

- राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाने का विचार पहली बार **संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन** (एफ.ए.ओ) के तहत हर वर्ष 1 जून को मनाए जाने वाले विश्व दुग्ध दिवस की तर्ज पर भारतीय डेयरी संघ (आई.डी.ए) द्वारा प्रस्तुत किया गया था।
- डॉ. कुरियन को रेमन मैगसेसे पुरस्कार, पद्मश्री, पद्म भूषण, कृषि रत्न, विश्व खाद्य पुरस्कार, पद्म विभूषण आदि जैसे कई सम्मानों से सम्मानित किया गया था।

5. फिलिस्तीनी लोगों के साथ अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता दिवस मनाया जाता है___**29 नवंबर।**

नोट:

- वर्ष 1977 में, महासभा ने 29 नवंबर को **फिलिस्तीनी लोगों के साथ अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता दिवस** के रूप में मनाने का आह्वान किया।
- 1947 में इसी दिन, महासभा ने फिलिस्तीन के विभाजन का प्रस्ताव अपनाया।

6. रासायनिक युद्ध के समस्त पीड़ितों का स्मरण दिवस मनाया गया _____**30 नवंबर।**

नोट:

- यह स्मरण दिवस रासायनिक युद्ध के पीड़ित लोगों को श्रद्धांजलि देने का अवसर प्रदान करता है, इसके साथ ही रासायनिक हथियारों के खतरे के उन्मूलन हेतु रासायनिक हथियार निषेध संगठन (OPCW) की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

नई नियुक्ति

1. महिंदा राजपक्षे ने कहां के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली___ **श्रीलंका।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- ➢ महिंद्रा राजपक्षे को राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे (उनके छोटे भाई) ने शपथ दिलाई।
- ➢ श्री महिंदा राजपक्षे ने वर्ष 2005 से 2015 तक दो-कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया और उन्हें दो-कार्यकाल की सीमा के कारण राष्ट्रपति चुनाव लड़ने से रोक दिया गया।

2. मीडिया बादशाह जिन्होंने **ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज बोर्ड** के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया __ **सुभाष चंद्रा।**

नोट:

- ➢ श्री चंद्रा कंपनी के एक गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य करेंगे, जिसकी स्थापना उन्होंने वर्ष 1992 में की थी।
- ➢ सुभाष चंद्रा ने यह कहते हुए एक नियम का पालन करने के लिए इस्तीफा दे दिया कि अध्यक्ष MD और CEO से संबंधित नहीं हो सकते।
- ➢ ज़ी बोर्ड छह स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति करता है; सभी नियुक्तियों को शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

3. शिवसेना के अध्यक्ष जिन्होंने **महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री** (18वें) पद की शपथ ली _____**उद्धव ठाकरे।**

नोट:

- ➢ महाराष्ट्र के राज्यपाल **भगत सिंह कोश्यारी** ने मुंबई के शिवाजी पार्क में शपथ दिलाई।
- ➢ श्री ठाकरे मनोहर जोशी (1995–1999) और नारायण राणे (1 फरवरी- 17 अक्टूबर 1999) के बाद इस पद को संभालने वाले तीसरे शिवसेना नेता हैं।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. जनगणना 2021 (16 वीं) कब से कब तक दो चरणों में (हाउस-लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस) में की जाएगी___ **अप्रैल से सितंबर 2020।**

नोट:

- ➢ व्यय वित्त समिति (EFC) ने 2021 की जनगणना 16 भाषाओं में करने के लिए 8754.23 करोड़ रुपये की धनराशि की सिफारिश की है।
- ➢ जनगणना की संदर्भ तिथि 1 मार्च 2021 होगी।
- ➢ यह जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फ से घिरे कुछ क्षेत्रों के लिए 1 अक्टूबर 2020 होगी।

2. केंद्रीय कृषि मंत्री **नरेंद्र सिंह तोमर** ने कहां पर एक कृषि-आधारित प्रदर्शनी 'एग्रो-विजन' का उद्घाटन किया___ **नागपुर।**

नोट:

- ➢ एग्रो-विजन प्रदर्शनी में किसानों के लिए राष्ट्रीय कृषि-प्रदर्शनी कार्यशाला और सेमिनारों का आयोजन शामिल है।
- ➢ छोटे उद्यमी जो कृषि मशीनरी और पुर्जों के उत्पादन में लगे हुए हैं, वे स्टॉल पर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे।

3. भारत की कितनी ग्राम पंचायतें मार्च 2020 तक इंटरनेट, ब्रॉडबैंड से जोड़ी जाएंगी___**दो लाख।**

नोट:

- ➢ केंद्र सरकार ने मार्च 2019 तक दो लाख ग्राम पंचायतों को इंटरनेट और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने का लक्ष्य रखा है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- देश में सभी 2,50,000 ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड और इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट योजना को चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वित किया जा रहा है।

4. सूचना एवं प्रसारण मंत्री **प्रकाश जावड़ेकर** ने किसके स्वर्ण जयंती संस्करण की तर्ज पर **फिल्म बाजार** का उद्घाटन किया _____ **भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव।**

नोट:

- यह राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम द्वारा आयोजित किया गया है।
- फिल्म बाजार दक्षिण एशियाई और अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समुदायों के बीच रचनात्मक और वित्तीय सहयोग को प्रोत्साहित करता है।
- पिछले कुछ वर्षों में, लंच बॉक्स, मार्गरीटा विद ए स्ट्रॉ, चौथी कूट, क़िस्सा, मिस लवली, दम लगाके हईशा और थिथी जैसी फिल्में बाजार के एक या अधिक कार्यक्रमों के माध्यम से हुई हैं।

5. **गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (GRSE)** ने पांच तीव्र गश्ती जहाजों (FPV) की श्रृंखला में तीसरा **'ICGS अमृत कौर'** किसको सौंपा _____ **भारतीय तटरक्षक बल।**

नोट:

- ICGS प्रियदर्शनी और ICGS एनी बेसेंट इस श्रृंखला में पहले दो FPV हैं जो ICGS को पहले ही वितरित किए जा चुके हैं।
- अंतिम दो FPV अर्थात ICGS कमला देवी और ICGS कनकलता बरुआ को सफल समुद्री परीक्षणों के बाद शीघ्र ही शामिल किया जाएगा।

6. तीन दिवसीय **ग्लोबल बायो-इंडिया समिट 2019** का उद्घाटन कहां पर स्थित ऐरोसिटी में किया गया__ **नई दिल्ली।**

नोट:

- यह भारत में पहली बार आयोजित सबसे बड़ा जैव प्रौद्योगिकी हितधारक सम्मेलन होगा।
- यह अकादमिक, नवप्रवर्तनकर्ताओं, शोधकर्ताओं, स्टार्ट-अप, मध्यम और बड़ी कंपनियों को एक साथ एक मंच पर लाएगा।

7. स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2019 पुरस्कारों के अनुसार, सूची में शीर्ष राज्य___**तमिलनाडु।**

नोट:

- शीर्ष जिला पेद्दापल्ली (तेलंगाना) है।

8. **भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (IRCTC)** कब से लक्जरी ट्रेन **'गोल्डन चेरियट'** का संचालन और प्रबंधन करेगा _____**मार्च 2020।**

नोट:

- गोल्डन चेरियट ट्रेन (वर्ष 2008 में संचालन प्रारंभ) कर्नाटक के प्रसिद्ध पर्यटन और मनोहर स्थलों में से एक और हम्प (यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल) से होकर जाती है।
- इसमें 14 कोच और 44 अतिथि कमरों के साथ 84 मेहमानों की क्षमता है।
- ट्रेन में यात्रियों के लिए विश्व स्तरीय आराम, अत्याधुनिक सुविधाएं और उन्नत और अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करने का वादा किया गया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

9. **राज्यपालों और उप-राज्यपालों का दो दिवसीय सम्मेलन (50वां)** कहां आयोजित किया गया___**नई दिल्ली।**

नोट:

- सम्मेलन में विभिन्न सत्रों के महत्वपूर्ण विषयगत मुद्दों पर चर्चा की गई।
- इसमें जनजातीय मुद्दे, कृषि में सुधार, जल जीवन मिशन, उच्च शिक्षा के लिए नई शिक्षा योजनाएं और आसान जीवनयापन के लिए शासन प्रणाली शामिल हैं।

10. **2019 न्यूजेन (NuGen) मोबिलिटी समिट** कहां आयोजित की गई ___**मानेसर, हरियाणा।**

नोट:

- वर्ष 2019 का विषय **"स्मार्ट एंड ग्रीन मोबिलिटी"** है।
- समिट का उद्देश्य एक स्मार्ट और हरित भविष्य के लिए उन्नत ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी को शीघ्र अपनाने, आत्मसात करने और इसके विकास हेतु नए विचारों, शिक्षाओं, वैश्विक अनुभवों, नवाचारों और भविष्य की तकनीकों को साझा करना है।

11. केंद्रीय जल शक्ति मंत्री **गजेंद्र सिंह शेखावत** ने जल संरक्षण पर कौन सी शॉर्ट डाक्यूमेंट्री फिल्म रिलीज की _____**शिखर से पुकार।**

नोट:

- यह फिल्म 'जलशक्ति अभियान' को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है और यह एक IAS अधिकारी रवींद्र कुमार की यात्रा पर आधारित है।
- श्री रवींद्र कुमार ने जल संरक्षण और जल प्रदूषण को रोकने के गंभीर मुद्दे पर एवरेस्ट की चोटी से लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए इस वर्ष एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी।
- यह दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई में कठिनाइयों और चुनौतियों का भी चित्रण करती है।

12. दुनिया की सबसे बड़ी इस्लामिक धार्मिक सभा **'आलमी तब्लीगी इज्तिमा'** कहां शुरू हुई ____**भोपाल, मध्य प्रदेश।**

नोट:

- 54 देशों के दस लाख से अधिक लोगों के धार्मिक सभा में शामिल होने की उम्मीद है जो 25 नवंबर तक चलेगी।
- यह दुनिया भर के मुसलमानों को कुछ महत्वपूर्ण धार्मिक-आध्यात्मिक संदेश देने के लिए एक मंच है।
- पहली आलमी तब्लीगी इज्तिमा वर्ष 1944 में भोपाल में हुई थी और तब केवल 14 लोग इसमें शामिल हुए थे।

13. **नितिन गडकरी** ने कहां पर 'कनवर्जेन्स ऑफ नेशनल हाइवे इंप्रूवमेंट/कंस्ट्रक्शन विद वाटर कन्जर्वेशन एंड ग्राउंड वाटर रीचार्ज' नामक एक बुकलेट का विमोचन किया _____ **एग्रो विजन-2019, नागपुर।**

नोट:

- कृषि प्रदर्शनी, एग्रो विजन शो (4-दिवसीय) उस प्रयोजन को दर्शाता है जहां भारतीय कृषि क्षेत्र सफलता की नई ऊंचाई प्राप्त कर सकता है।
- 11वें एग्रो विजन के विषय को "सतत विकास के लिए स्मार्ट तकनीक" के रूप में चुना गया है।

14. रक्षा मंत्री **राजनाथ सिंह** ने दो दिवसीय **एयर फोर्स कमांडर कॉन्फ्रेंस** का उद्घाटन कहां किया ____**नई दिल्ली।**

नोट:

- भारतीय वायु सेना के शीर्ष कमांडर इसमें भाग ले रहे हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- वे वायु सेना से संबंधित परिचालन, रखरखाव और प्रशासी मामलों पर चर्चा करेंगे।

15. अमेरिकी विदेश विभाग ने किस देश को 1 बिलियन डॉलर की परिष्कृत नौसेना तोपों की बिक्री को मंजूरी दी____ **भारत।**

नोट:

- MK-45 तोपें विशेष रूप से अरब सागर में भारत की नौसेना क्षमताओं को बढ़ाएंगी।
- तोप प्रणाली अमेरिका और अन्य मित्र सैन्य बलों के साथ पारस्परिकता को बढ़ाते हुए सतह-रोधी युद्ध और वायु-रोधी रक्षा मिशन का संचालन करने की क्षमता प्रदान करेगा।

16. ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने किसे 2019 **वर्ड ऑफ द ईयर** घोषित किया __**'climate emergency' (जलवायु आपातकाल)।**

नोट:

- इसमें 'climate action', 'climate denial', 'eco-anxiety', 'extinction' और 'flight shame' भी शामिल थे।
- यह शब्द वर्ष 2018 से इसके उपयोग में वृद्धि के कारण चुना गया।
- Climate emergency को ऐसी स्थिति के रूप में परिभाषित किया गया है जिसमें जलवायु परिवर्तन को कम करने या रोकने के लिए तत्काल कार्यवाही की आवश्यकता है।

17. **हरदीप सिंह पुरी** ने क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी सर्विस आवास पोर्टल (CLSS) कहां लॉन्च किया ___ **नई दिल्ली।**

नोट:

- पोर्टल क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी सर्विस (CLSS) के लाभार्थियों के लिए एक पारदर्शी और मजबूत समयोचित वेब-आधारित निगरानी प्रणाली प्रदान करता है।
- पोर्टल का उपयोग करके, एक लाभार्थी समयोचित आधार पर अपने आवेदन की स्थिति का पता लगा सकता है।
- यह पहल अन्य हितधारकों को भी लाभार्थियों को समय पर सब्सिडी जारी करने के लिए तालमेल में काम करने की सुविधा प्रदान करेगी।

18. **भारतीय रेलवे** ने अपने कितने नेटवर्क में एक **स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली** शुरू करने का फैसला किया _____ **68,000 किलोमीटर मार्ग।**

नोट:

- प्रायौगिक परियोजना के रूप में, इस प्रणाली को चार महानगरों - दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता को जोड़ने वाले स्वर्णिम चतुर्भुज गलियारे के 650 मार्ग किमी पर लागू किया जाएगा।

19. आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से भारत का सबसे परिष्कृत पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 'कार्टोसैट -3' और 13 अमेरिकी नैनोसेटलाइट का प्रक्षेपण किसने किया____ **इसरो।**

नोट:

- इस प्रक्षेपण ने हाई-रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग में भारत की क्षमता को बढ़ाया है और भारत को अपने सफलतम रॉकेट पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल का उपयोग करके छोटे उपग्रहों के लिए वैश्विक प्रक्षेपण स्थान के रूप में मजबूत किया है।
- इसरो के अनुसार, 1,625 किग्रा कार्टोसैट -3 पांच वर्ष के परिचालन काल के साथ सर्ववर्णिक और बहुउद्देशीय तस्वीर प्राप्त करने के लिए एक उन्नत उपग्रह है।

20. रक्षा राज्य मंत्री **श्रीपद नाइक** ने दो दिवसीय सेमिनार **"डेफकॉम इंडिया 2019"** का उद्घाटन कहां किया ____**नई दिल्ली।**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

नोट:

- 'डेफकॉम इंडिया 2019' का विषय 'संचार: संयुक्तता के लिए निर्णायक उत्प्रेरक' (Communications: A Decisive Catalyst for Jointness) है।
- सेमिनार तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता हासिल करने हेतु संचार का लाभ उठाने के बुनियादी विषय के लिए समर्पित है।

21. भारतीय नौसेना मार्च में कौन सा सैन्य अभ्यास आयोजित करेगी ___**मिलन 2020।**

नोट:

- MILAN का पूरा नाम Multilateral Naval Exercise' है।
- दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया, अफ्रीका और यूरोप के 41 देश जो भारत के साथ रक्षा सहयोग साझा करते हैं, उन्हें अभ्यास के लिए आमंत्रित किया गया है।

22. भारतीय रेलवे ने कहां पर भारतीय रेलवे वित्तीय प्रबंधन संस्थान (IRIFM) की स्थापना की _____ **सिकंदराबाद, तेलंगाना।**

नोट:

- संस्थान का औपचारिक उद्घाटन विनोद कुमार यादव (अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड) द्वारा किया गया।
- नया संस्थान (IRIFM) रेलवे वित्तीय प्रबंधन में पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
- रेल विकास निगम लिमिटेड ने इसकी परिकल्पना की और 85 करोड़ रुपये की लागत से 14 एकड़ के परिसर में इसका निर्माण किया।

23. पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट अंपायर **साइमन टफेल** ने अपनी किस पुस्तक का विमोचन किया _____**फाइंडिंग द गैप्स।**

नोट:

- साइमन टफेल (वर्ष 2012 में सेवानिवृत्त) पांच बार के ICC अंपायर ऑफ द ईयर (2004 से 2008 के बीच) विजेता और ICC के अंपायरों के एलीट पैनल का हिस्सा हैं।
- ऑस्ट्रेलिया के टफेल ने वर्ष 1999 में अपने पहले एकदिवसीय और वर्ष 2000 में अपने पहले टेस्ट मैच में अंपायरिंग की थी।

24. "हेमंत करकरे- ए डॉटर्स मेमोयर" (Hemant Karkare -A Daughter's Memoir**)** किसने विमोचित की _____**जुई करकरे नावरे।**

नोट:

- पुस्तक आतंकवाद निरोधी दस्ते (ATS) के पूर्व प्रमुख हेमंत करकरे के जीवन को जुई करकरे नावरे के पिता के रूप में चित्रित करती है।
- पुस्तक द राइट प्लेस द्वारा प्रकाशित की गई है।
- 26/11 आतंकवादी हमलों (11वीं वर्षगांठ) में 18 सुरक्षा कर्मियों ने अपनी जान गंवाई थी।

25. केरल सरकार के तहत कार्यरत **जल संसाधन विकास एवं प्रबंधन केंद्र (CWRDM)** ने कौन सी प्रणाली शुरू की ____**वाटर 4 चेंज।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- परियोजना के तहत, नीदरलैंड के छह प्रमुख संस्थान भारतीय वैज्ञानिकों के साथ शहरी जल प्रबंधन प्रणालियों पर दीर्घकालिक अनुसंधान और क्षेत्रीय स्तर के कार्य करेंगे।
- यह परियोजना कोझीकोड, शिमला, भुज और भोपाल शहरों में पानी की समस्याओं के लिए समाधान प्रदान करेगी।
- CWRDM केरल सरकार द्वारा राज्य के जल प्रबंधन में अनुसंधान एवं विकास की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्थापित किया गया था।

26. श्री 'निशंक' ने बाल कहानियों के संग्रह वाली तीन पुस्तकों का विमोचन किया, जिनके नाम हैं _____ **कुम्भ, गरम पहाड़ और दिल्ली की बुलबुल (सिंधी संस्करण)।**

नोट:

- पुस्तकें बाल पुस्तकों और यात्रा-वृत्तांतों की एक लोकप्रिय लेखिका डॉ. अनीता भटनागर जैन (IAS-1985 बैच) द्वारा लिखी गई हैं।
- तीनों पुस्तकें बाल कहानियों का एक संग्रह हैं और सामाजिक-सांस्कृतिक एकता और सांस्कृतिक विरासत जैसे पर्यावरणीय मुद्दों और विषयों को बहुत ही सरल और रोचक तरीके से सामने लाती हैं।

27. केंद्रीय मंत्री **पीयूष गोयल** ने सेवाओं पर वैश्विक प्रदर्शनी 2019 (5वां संस्करण) का उद्घाटन किया ____**बेंगलुरू, कर्नाटक।**

नोट:

- उद्घाटन समारोह में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा भी शामिल हुए।
- GES एक वार्षिक कार्यक्रम है जो सेवा निर्यात संवर्धन परिषद (SEPC) और भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के सहयोग से वाणिज्य विभाग, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा प्रारंभ किया गया है।

28. यूनाइटेड किंगडम (यूके) की **रॉयल एरोनॉटिकल सोसाइटी** (RAeS) द्वारा मानद सदस्यता से किन्हें सम्मानित किया गया ____ **जी. सतीश रेड्डी।**

नोट:

- वह 100 से अधिक वर्षों में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय हैं।
- यह एयरोस्पेस पेशे में सबसे असाधारण योगदान प्रदान करने के लिए एयरोस्पेस उपलब्धि हेतु विश्व के उच्चतम सम्मानों में से एक है।
- इसे एयरोस्पेस क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के बराबर माना जाता है।

29. डोर्नियर विमान की छठी स्क्वाड्रन जिसे गुजरात तट पर नेवल एयर एन्क्लेव- पोरबंदर में शामिल किया गया ____**इंडियन नेवल एयर स्क्वाड्रन 314।**

नोट:

- यह स्क्वाड्रन हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल लिमिटेड, कानपुर द्वारा निर्मित ट्विन टर्बोप्रॉप इंजन वाले मल्टी रोल SRMR विमान, डोर्नियर विमान का संचालन करेगी।

30. आदित्य बिड़ला कैपिटल की NBFC शाखा, जो अपने वाणिज्यिक पत्रों को स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध करने वाली पहली कंपनी बन गई __ **आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड (ABFL)।**

नोट:

- वाणिज्यिक पत्र की मूल्यन तिथि 28 नवंबर और परिपक्वता तिथि 7 फरवरी, 2020 है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

31. **केंद्र सरकार** ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल भुगतान के लिए **फास्टैग** अनिवार्य करने की तारीख बढ़ाकर कितनी कर दी _____**15 दिसंबर 2019।**

नोट:

- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने सभी टोल प्लाजा में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली लगाई है और फास्टैग की उपलब्धता को आसान बनाया है।
- इसने माई फास्टैग ऐप भी लॉन्च किया है जिससे फास्टैग के बारे में सभी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

32. प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** ने किस देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए **400 मिलियन डॉलर** की ऋण सहायता की घोषणा की _____**श्रीलंका।**

नोट:

- भारत अपनी 'पड़ोसी पहले' की नीति के अंतर्गत श्रीलंका के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता देता है।

33. स्वर्ण आभूषणों और कलाकृतियों के लिए हॉलमार्किंग कब से अनिवार्य होगी _____**15 जनवरी 2021।**

नोट:

- अब तक 26 हजार से अधिक जौहरियों ने भारतीय मानक ब्यूरो, **BIS (हॉलमार्किंग)** पंजीकरण कराया है।
- यदि कोई 15 जनवरी 2021 के बाद निर्धारित नियमों का उल्लंघन करता हुआ पाया जाता है, तो उसे न्यूनतम एक लाख रुपये का जुर्माना या वस्तु के मूल्य का पांच गुना जुर्माना या एक वर्ष के कारावास की सजा भी सकती है।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. नई भूमि नीति 2019 जारी करने वाली राज्य सरकार _____**असम।**

नोट:

- भूमि नीति 30 वर्षों बाद राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा तैयार की गई है। (पिछली बार 1989 में तैयार)।
- श्री सोनोवाल के अनुसार, राज्य सरकार ने मूल निवासियों के हितों की रक्षा के लिए नीति तैयार करने में अधिक जोर दिया है।

2. **केंद्र** और **एशियाई विकास बैंक (ADB)** ने किसने आधुनिक बनाने के लिए **91 मिलियन अमेरिकी डॉलर** के ऋण के विस्तार हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए _____ **विजयनगर चैनल सिंचाई प्रणाली।**

नोट:

- इससे कृष्णा नदी घाटी में नदी घाटी प्रबंधन योजना तैयार होगी।
- इससे कर्नाटक में सिंचाई जल की उपयोग दक्षता में सुधार करने में मदद मिलेगी और स्थायी जल सुरक्षा में सुधार करने में योगदान मिलेगा।
- निवेश योजना से कर्नाटक की जल संस्थाओं को प्रभावी नदी घाटी प्रबंधन योजनाओं को बेहतर ढंग से तैयार करने और उन्हें प्रारंभ करने में मदद मिलेगी।

3. तीन दिवसीय वैश्विक बौद्ध सभा कहां पर स्थित नागसेनवन में शुरू हुआ _____**औरंगाबाद, महाराष्ट्र।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- तिब्बती आध्यात्मिक गुरू दलाई लामा ने सभा में दो व्याख्यान दिए।
- दुनिया भर से बौद्ध भिक्षु और बौद्ध धर्म अनुयायी इस सभा में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे।

4. जितेंद्र सिंह ने कहां पर 'डेस्टिनेशन नॉर्थ ईस्ट' महोत्सव का उद्घाटन किया _____**वाराणसी।**

नोट:

- सभी **8 पूर्वोत्तर राज्यों** को उनके हस्तशिल्प, हथकरघा, जैविक उत्पादों और सांस्कृतिक मंडलों के साथ कार्यक्रम में प्रस्तुत किया गया।
- आगंतुकों को इस अवसर पर खुले मंच में पूर्वोत्तर राज्यों के कारीगरों और कलाकारों के गीत और नृत्य, करघे और शिल्प पर काम करने का साक्षात अनुभव प्राप्त होगा।

5. पंजीकृत नवविवाहित जोड़ों के लिए अगले वर्ष जनवरी तक **अरुंधति स्वर्ण योजना** शुरू करने वाली राज्य सरकार _____**असम सरकार।**

नोट:

- योजना के तहत, नववधू को सोना खरीदने के लिए 30 हजार रुपये की धनराशि दी जाएगी।
- असम के वित्त मंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य राज्य में विवाह पंजीकरण को बढ़ावा देना और कम आयु के विवाह को रोकना है।
- यह लाभ प्राप्त करने के लिए दुल्हन और उसके पिता की वार्षिक आय प्रति वर्ष 5 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

6. एक जनवरी से एक बार उपयोग हाने वाली प्लास्टिक के विनिर्माण, बिक्री और भंडारण पर प्रतिबंध लगाने वाली राज्य सरकार ____ **केरल।**

नोट:

- प्लास्टिक कैरी बैग, प्लास्टिक शीट, कूलिंग फिल्म, प्लास्टिक प्लेट, कप, थर्मोकोल और स्टायरोफोम से बनी वस्तुएं और अन्य समान प्रतिबंध के दायरे में आएंगे।
- प्रतिबंध की अवहेलना करने वाले निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और छोटे व्यापारियों पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।
- यदि दूसरी बार प्रतिबंध का उल्लंघन किया गया, तो जुर्माना 25,000 रुपये होगा।

7. मणिपुर के मुख्यमंत्री **एन. बीरेन सिंह** ने कहां पर सप्ताह भर चलने वाले **मणिपुर संगाई महोत्सव 2019** का उद्घाटन किया____ **हप्टा कंगजेईबुंग, इंफाल।**

नोट:

- महोत्सव के दौरान, राज्य के साथ-साथ अन्य राज्यों के विभिन्न समुदायों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक खेल, लोक नृत्य और शास्त्रीय संगीत का प्रदर्शन किया जाएगा।
- महोत्सव का समापन इस महीने की 30 तारीख को होगा।

8. उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह ने किसके खिलाफ बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान शुरू किया _____ **फाइलेरिया।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- इस अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की 65 हजार से अधिक टीमें 10 दिसंबर तक लगभग 6.5 करोड़ लोगों को दवा वितरित करेंगी।
- इस वर्ष, राज्य के 19 जिले को डबल ड्रग और ट्रिपल ड्रग श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसमें उन्हें DEC टैबलेट, एल्बेंडाजोल और इवरमेक्टिन प्रदान की जाएगी।

9. बेमौसम बारिश के कारण फसल नुकसान का सामना करने वाले किसानों के लिए **3,795 करोड़ रुपये के राहत पैकेज** की घोषणा करने वाली राज्य सरकार___ **गुजरात।**

नोट:

- राहत पैकेज से राज्य भर के 56 लाख से अधिक किसानों को मदद मिलेगी।
- उप-मुख्यमंत्री नितिन पटेल के अनुसार, कुल पैकेज (1,641 करोड़ रुपये) बजटीय प्रावधान के माध्यम से और 2,145 करोड़ रुपये राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के तहत दिए जाएंगे।
- किसानों को 4,000 रुपये से लेकर 13,000 रुपये तक की सहायता मिलेगी।

10. राज्य के खेल से संबंधित व्यक्तियों को **सरकारी नौकरियों में 5% आरक्षण** देने वाली राज्य सरकार ___ **मध्य प्रदेश।**

नोट:

- मंत्री ने यह भी घोषणा की कि सभी CBSE, सरकारी और निजी स्कूलों के बच्चे **अंडर 16 राज्य स्तरीय ओलंपिक** में शामिल होंगे।
- वर्तमान में, प्रतियोगिता का आयोजन 16 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के लिए किया जा रहा है।
- इसमें 10 खेल (हॉकी, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स, कुश्ती, बैडमिंटन और टेबल टेनिस) शामिल हैं।

11. ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहां पर राज्य जनजातीय संग्रहालय परिसर में **8वें राष्ट्रीय जनजातीय शिल्प मेले** का उद्घाटन किया ___**भुवनेश्वर।**

नोट:

- ओडिशा सरकार की '5T' पहल के एक भाग के रूप में, 21 जनजातीय भाषाओं में तैयार 45 अनुपूरक पाठक मुख्यमंत्री पटनायक द्वारा एक साथ जारी किए गए थे।
- राष्ट्रीय जनजातीय शिल्प मेला का उद्देश्य पारंपरिक जनजातीय कला और शिल्प को प्रस्तुत करना, बढ़ावा देना और लोकप्रिय बनाना है।

12. इटावा **लायन सफारी** को शेर वाले भाग के बिना जनता के लिए खोला गया है ___ **उत्तर प्रदेश।**

नोट:

- सफारी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के वन मंत्री दारा सिंह चौहान ने किया था।
- यह 350 हेक्टेयर भूमि में फैला हुआ है और इसे बच्चों के साथ-साथ युवाओं के लिए एक शिक्षाप्रद पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है।
- यह एशिया के सबसे बड़े सफारी पार्कों में से एक है, जो 350 हेक्टेयर (860 एकड़) के क्षेत्र में फैला है।
- इटावा लायन सफारी भारत में पहला सफारी है, जिसने एशियाई शेरों पर एक अनुसंधान केंद्र विकसित करने के उद्देश्य से एक शेर प्रजनन केंद्र स्थापित किया गया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

13. उत्तर प्रदेश सरकार कहां के फरेंदा क्षेत्र में राज्य का पहला गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र स्थापित करेगी _____ **महाराजगंज जिले।**

नोट:

- नया केंद्र हरियाणा के पिंजौर में **जटायु संरक्षण केंद्र** (देश में पहला) की तर्ज पर स्थापित किया जाएगा।
- यह एक वन्यजीव अनुसंधान संगठन बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के सहयोग से स्थापित किया जाएगा।

14. किस राज्य के कोटिया जिले में चौथा बाघ अभयारण्य **गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान** स्थापित किया जाएगा _____**छत्तीसगढ़।**

नोट:

- यह निर्णय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड की 11वीं बैठक में लिया गया।
- वर्तमान में राज्य में **तीन बाघ अभयारण्य** हैं:
- बिलासपुर में **अचानकमार बाघ अभयारण्य**।
- गरियाबंद में **उदंती-सीतानदी बाघ अभयारण्य**।
- बीजापुर जिले में **इंद्रावती बाघ अभयारण्य**।

15. **एशियाई विकास बैंक (ADB)** ने कहां पर **150 मिलियन अमेरिकी डॉलर** की दूसरी किस्त को मंजूरी दी _____**पश्चिम बंगाल।**

नोट:

- ADB बोर्ड ने सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की वित्तीय स्थिति बहाल करने के लिए पश्चिम बंगाल में वित्तीय सुधारों की एक व्यापक श्रृंखला हेतु 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण को मंजूरी दी थी।

16. गुटखा, पान मसाला या अन्य चबाने वाली सामग्री के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने वाली राज्य सरकार_____**असम।**

नोट:

- खाद्य सुरक्षा आयुक्त के अनुसार, राज्य में तंबाकू या निकोटीन युक्त किसी भी उत्पाद के निर्माण, भंडारण, बिक्री, प्रदर्शन और ढुलाई पर एक वर्ष के लिए प्रतिबंध है।

17. नौपरिवहन मंत्रालय ने कहां पर **लोकटक अंतर्देशीय जलमार्ग सुधार परियोजना** के विकास के लिए मंजूरी प्रदान की _____ **मणिपुर।**

नोट:

- परियोजना की अनुमानित लागत 25 करोड़ रुपये से अधिक है।
- लोकटक झील मणिपुर के मोइरांग में स्थित उत्तर पूर्व की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. स्वीडन में **गोथेनबर्ग यूनिवर्सिटी** के शोधकर्ताओं ने कौन सा संभावित टीका विकसित किया _____**डायरिया टीका।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- विज्ञान पत्रिका, द लांसेट के अनुसार, यह बांग्लादेश में एक प्रारंभिक चरण के नैदानिक परीक्षण में सुरक्षित और प्रभावी साबित हुआ है।
- रिपोर्ट में कहा गया है कि दो से पांच वर्ष आयु के 80 से 100 फीसदी और छह से ग्यारह महीने आयु के 50 से 80 फीसदी ऐसे शिशुओं को अध्ययन के लिए चुना गया, जो टीका के सभी प्रमुख प्रतिरक्षा उत्पादक घटकों के प्रति प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं।
- बच्चों के लिए अभी तक ऐसा कोई टीका नहीं है और डायरिया के लिए टीका बनाना विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्राथमिकता है।

2. बांग्लादेश के सांस्कृतिक राज्य मंत्री के.एम. खालिद ने कहां के कॉक्स बाजार में **महासागर नृत्य महोत्सव 2019** का उद्घाटन किया _____**बांग्लादेश।**

नोट:

- महासागर नृत्य महोत्सव बांग्लादेश का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव है जिसमें 15 देशों के 200 से अधिक डांसर, कोरियोग्राफर और विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।
- इस वर्ष के महोत्सव का विषय 'दूरी को कम करना' या दूरोत्तर सेतुबंधन है।
- महोत्सव का आयोजन नृत्यजोग द्वारा किया जा रहा है जो वर्ल्ड डांस अलायंस (WDA) की बांग्लादेशी शाखा है।

3. मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति जिन्हें मनी लॉन्ड्रिंग का दोषी पाया गया और पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई_____ **अब्दुल्ला यामीन।**

नोट:

- आपराधिक न्यायालय की पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की कि यामीन व्यक्तिगत लाभ के लिए राष्ट्र के धन को लूटने के आरोप में दोषी हैं।
- उन पर एक कंपनी द्वारा उनके बैंक खाते में 1 मिलियन डॉलर से अधिक धनराशि जमा करने का आरोप लगाया गया था, जिसका उपयोग अधिग्रहण शुल्क के लिए किया गया था।

4. पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय ने किस सेना प्रमुख को छह महीने का सशर्त कार्य विस्तार दिया _____ **जनरल क़मर जावेद बाजवा।**

नोट:

- पाकिस्तानी थल सेना के वर्तमान सेनाध्यक्ष श्री बाजवा (29 नवंबर 2016 से) एक अन्य छह महीने के लिए सेना प्रमुख बने रहेंगे।
- थल सेनाध्यक्ष को पाकिस्तान के प्रधान मंत्री द्वारा नियुक्त किया जाता है और पाकिस्तान के राष्ट्रपति द्वारा अंतिम पुष्टि की जाती है।

5. भारत **193 मिलियन अमेरिकी डॉलर** की लागत से कहां पर **12 हाई-टेक पार्क** स्थापित करेगा_____ **बांग्लादेश।**

नोट:

- बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त रीवा गांगुली दास के अनुसार, ये हाई-टेक पार्क बांग्लादेश के 30,000 युवाओं को कुशल ।T पेशेवर के रूप में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

सम्मान एवं पुरस्कार

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

1. स्वीडन की किशोर कार्यकर्ता जिन्हें **अंतर्राष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार 2019** से सम्मानित किया गया__ **ग्रेटा थुनबर्ग।**

नोट:

- उन्हें जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संघर्ष में उनके कार्यों के लिए **अंतर्राष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार 2019** से सम्मानित किया गया, जो दुनिया भर में स्कूली बच्चों के सामने आया है।
- कैमरून की शांति कार्यकर्ता **डिवीना मेलौम** (15 वर्षीय) को बोको हराम जिहादी समूह के खिलाफ उनके "शांतिपूर्ण संघर्ष" के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया।

2. **फॉर्च्यून की बिजनेसपर्सन ऑफ द ईयर 2019 की सूची** में शीर्ष स्थान किसने हासिल किया ___**सत्या नडेला।**

नोट:

- सूची में अजय बंगा (मास्टरकार्ड CEO) और जयश्री उल्लाल (अरिस्टा की प्रमुख) भी शामिल हैं।
- फॉर्च्यून की वार्षिक बिजनेसपर्सन ऑफ द ईयर सूची में उन 20 व्यापारिक नेताओं को शामिल किया जाता है "जिन्होंने कठिन लक्ष्य हासिल किए हों, असंभव बाधाओं को पार किया हो, रचनात्मक समाधान प्राप्त किए हों"।

3. **मनोज वाजपेयी** को किस फिल्म में उनकी भूमिका के लिए **एशिया पैसिफिक स्क्रीन अवार्ड्स** में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला _____**भोंसले।**

नोट:

- हिंदी फीचर फिल्म 'भोंसले' एक पुलिस कांस्टेबल (बाजपेयी) की कहानी बताती है, जो स्थानीय राजनेताओं के साथ प्रवासियों के लिए संघर्ष करता है।
- फिल्म का निर्देशन देवाशीष मखीजा ने किया था।
- रिधम जान्वे ने अपनी प्रथम निर्देशकीय फिल्म द गोल्ड-लेडेन शीप एंड द सेक्रेड माउंटेन के लिए यंग सिनेमा पुरस्कार जीता।

4. हॉकी खिलाड़ी से बॉडीबिल्डर बने पूर्व खिलाड़ी जिन्हें **मिस्टर यूनिवर्स 2019** का ताज पहनाया गया _____ **चित्रेश नतेसन।**

नोट:

- भारत ने इसी प्रतिस्पर्धा की टीम चैंपियनशिप श्रेणी में दूसरा स्थान हासिल किया।
- चित्रेश नतेसन (5 फीट 7 इंच लंबे) 90 किलोग्राम वर्ग में मिस्टर यूनिवर्स (प्रो) 2019 का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए।

5. बांग्लादेश का फ्लोटिंग स्कूल प्रॉजेक्ट (दक्षिण कनारचोर में) जिसने **आगा खान आर्किटेक्चर अवार्ड** जीता_____**आर्केडिया एजुकेशन प्रॉजेक्ट।**

नोट:

- इस प्रॉजेक्ट में उस क्षेत्र में एक स्कूल का निर्माण शामिल है जो मानसून के महीनों के दौरान पानी के नीचे रहता है।
- वास्तुकार (सैफ उल हक) ने ऐसे स्कूल को तैयार किया था जो शुष्क मौसम के दौरान भूमि पर रहता है और मानसून के दौरान क्षेत्र के पानी में डूब जाने पर यह तैरता है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- स्कूल स्थानीय लोगों के लिए आश्रय स्थल, दिवस देखभाल केंद्र और व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भी कार्य करता है।

6. युवा कार्यकर्ता जिन्हें कैमरून की शांति प्रचारक डीवीना मलौम के साथ प्रतिष्ठित **2019 अंतर्राष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार** से सम्मानित किया ___ **ग्रेटा थुनबर्ग।**

नोट:

- ग्रेटा थुनबर्ग ने दुनिया भर के स्कूली बच्चों के साथ जलवायु परिवर्तन के खिलाफ 'फ्राइडे फॉर फ्यूचर' अभियान शुरू किया था।
- मलौम ने चरमपंथी समूहों के शिकार कैमरून बच्चों के अधिकारों और शिक्षा के लिए अभियान चलाया।
- अंतर्राष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार प्रतिवर्ष उस बच्चे को दिया जाता है, जिसने बच्चों के अधिकारों का समर्थन करने और कमजोर बच्चों की स्थिति में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

7. बिलबोर्ड की **2019 वूमन ऑफ द ईयर** किसे चुना गया __ **गायिका बिली ईलिश।**

नोट:

- बिली ईलिश बिलबोर्ड की वूमन ऑफ द ईयर के रूप में नामित अब तक की सबसे युवा कलाकार हैं।
- पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट को बिलबोर्ड के कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा, जिन्हें पहला वूमन ऑफ द डेकेड अवार्ड मिलेगा।
- ईलिश को इस वर्ष 12 दिसंबर को बिलबोर्ड वूमन इन म्यूजिक कार्यक्रम के दौरान अपना पुरस्कार मिलेगा।

8. ओडिया महिला भारोत्तोलक जिन्हें वर्ष 2019 के लिए **27वां एकलव्य पुरस्कार** मिलेगा ___ **झिल्ली दलबेहरा।**

नोट:

- झिल्ली दलबेहरा ने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य और देश दोनों के लिए पदक जीते हैं।
- उन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतिस्पर्धाओं में दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं।

9. प्रख्यात लेखिका जिन्हें उनके उपन्यास 'स्वप्नपाश' के लिए **28वें बिहारी पुरस्कार** (वर्ष 2018 के लिए) से सम्मानित किया गया ___ **मनीषा कुलश्रेष्ठ।**

नोट

- यह पुरस्कार के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा राजस्थानी मूल के लेखकों को पिछले 10 वर्षों में प्रकाशित हिंदी या राजस्थानी में उनकी उत्कृष्ट रचनाओं के लिए दिया जाता है।
- प्रसिद्ध हिंदी कवि बिहारी (बिहारी लाल चौबे) के नाम पर आधारित इस पुरस्कार में 2.5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र और एक पट्टिका दिया जाता है।

10. भारतीय पत्रकार जो **अंतर्राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता पुरस्कार 2019** के प्राप्तकर्ताओं में से एक हैं ___ **नेहा दीक्षित।**

नोट:

- सुश्री दीक्षित दिल्ली की एक पत्रकार हैं जो दक्षिण एशिया में राजनीति, सामाजिक न्याय और लिंग पर खबरें पेश करती हैं।
- यह पुरस्कार एक गैर-लाभकारी संगठन कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट (CPJ) द्वारा प्रदान किया जाता है, जिसका उद्देश्य पत्रकारों को प्रतिशोध के भय के बिना काम करने में सक्षम बनाना है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

11. गोवा में आयोजित **50वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह** (IFFI) में प्रतिष्ठित **गोल्डन पीकॉक अवार्ड** जीतने वाली **फ्रेंच फिल्म___ पार्टिकल्स।**

नोट:

- पार्टिकल्स एक 2019 फ्रेंच-स्विस सह-निर्मित ड्रामा फिल्म है, जो ब्लेज़ हैरिसन द्वारा निर्देशित और एस्टेले फायलोन द्वारा निर्मित है।
- गोल्डन पीकॉक अवार्ड में 40 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, जो निर्देशक और निर्माता के बीच समान रूप से साझा किया जाएगा, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।
- IFFI 2019 में **'सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार'** लिजो जोस पेलिसरी को उनकी मलयालम फिल्म **'जल्लीकट्टू'** के लिए दिया गया।
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार में एक सिल्वर पीकॉक ट्रॉफी, एक प्रशस्ति पत्र और 15 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

12. प्रख्यात मलयालम कवि जिन्हें वर्ष 2019 के लिए **55वें ज्ञानपीठ पुरस्कार** का विजेता घोषित किया गया __ **अक्किथम अच्युथन नंबूदिरी।**

नोट:

- उनके रचनाओं में इरुपथम नूत्तनदिंते इतिहासम या लिजेंड ऑफ 20 सेंचुरी शामिल है, जिसे मलयालम कविता में आधुनिकता लाने का श्रेय दिया जाता है।
- अक्किथम इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले **6वें मलयालम लेखक** हैं।
- अक्किथम पद्म श्री (2017 में), केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार (1971 में), साहित्य अकादमी पुरस्कार (1973 में) और वायलर पुरस्कार (2012 में) के प्राप्तकर्ता हैं।

खेल समाचार

1. स्पेन के लिए छठा **डेविस कप खिताब** किसने जीता _____ **राफेल नडाल।**

नोट:

- नडाल (33 वर्षीय) ने शापोवालोव को 6-3, 7-6 (9-7) से हराकर स्पेन को कनाडा के खिलाफ 2-0 से जीत दिलाई।
- यह वर्ष 2011 के बाद से स्पेनिश टीम का पहला डेविस कप खिताब और कुल छठा डेविस कप खिताब था
- वर्ष 2019 में, नडाल ने फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन जीता, ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल और विंबलडन के सेमीफाइनल तक पहुंचे।

2. भारत के **लक्ष्य सेन** ने कहां पर आयोजित **स्कॉटिश ओपन** में पुरुषों का एकल खिताब जीता _____ **ग्लासगो।**

नोट:

- लक्ष्य सेन ने तीन महीने में अपना चौथा खिताब हासिल करने के लिए यगोर कोएल्हो को 18-21, 21-18, 21-19 से हराया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- एक महीने के अंदर, लक्ष्य ने डच ओपन में अपना पहला BWF सुपर 100 खिताब जीता, जिसके तुरंत बाद दूसरा जर्मनी में सार लोर लक्स ओपन में जीता।

3. भारत ने **अंडर-15 एशियाई चैंपियनशिप** में कितने पदक जीते _____ **28 पदक (13 स्वर्ण, 14 रजत और 1 कांस्य)।**

नोट:

- पहली बार, भारत फ्री स्टाइल श्रेणी की टीम रैंकिंग में 225 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा और सभी दस पहलवानों ने पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया।
- कजाकिस्तान दूसरे स्थान पर जबकि जापान तीसरे स्थान पर रहा।

4. **63वीं नेशनल शॉटगन शूटिंग चैम्पियनशिप** में स्वर्ण पदक जीतकर डबल ट्रैप का खिताब किसने जीता__ **संग्राम दहिया और वर्षा वर्मन।**

नोट:

- पुरुष वर्ग में, संग्राम ने 150 में से 142 अंक हासिल करके स्वर्ण पदक हासिल किया।
- पूर्व विश्व चैंपियन अंकुर मित्तल ने रजत और पृथ्वी सिंह चहल ने कांस्य जीता।

5. वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार किसने जीता __ **एलियूड किपचोगे और दलीलाह मुहम्मद।**

नोट:

- किपचोगे ने पिछले महीने इतिहास बनाने के बाद मोनाको में पुरस्कार हासिल किया, पिछले महीने उन्होंने 1 घंटे 59 मिनट 40.2 सेकेंड में 42.195 किलोमीटर (26.219 मील) की मैराथन दूरी तय की थी।
- अमेरिका की मुहम्मद ने बीते शानदार वर्ष में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद पुरस्कार जीता जिसमें उन्होंने जुलाई में आयोवा में यूएस ट्रायल्स में वर्ष 2003 से कायम एक रिकॉर्ड तोड़कर 52.20 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड बनाया था।
- विजेताओं को विश्व एथलेटिक्स द्वारा 50%, एथलीटों, कोचों और पत्रकारों द्वारा 25% और आम जनता द्वारा 25% साझा किए गए वोट के बाद चुना गया।

6. **पुरुष हॉकी विश्व कप 2023** की मेजबानी करने की बोली किसने जीती ___ **भारत।**

नोट:

- K भुवनेश्वर में कलिंग हॉकी स्टेडियम और राउरकेला में बीजू पटनायक हॉकी स्टेडियम टूर्नामेंट के स्थान हैं।
- भुवनेश्वर ने वर्ष 2017 में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2017 FIH हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल, FIH पुरुष सीरीज फाइनल सहित कुछ बड़ी अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी की है।

7. बैंकॉक में आयोजित **21वीं एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप** की कंपाउंड मिश्रित युगल स्पर्धा में स्वर्ण किसने जीता___ **अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम**

नोट

- भारतीय जोड़ी ने अंतिम मुकाबले में चीनी ताइपे की विरोधी जोड़ी यी-हसन चेन और चीह-लुह चेन को 158-151 से हराया
- भारत ने इस स्पर्धा में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक सहित सात पदक जीते।
- भारतीय तीरंदाजों ने टूर्नामेंट में राष्ट्रीय महासंघ भारतीय तीरंदाजी संघ (AAI) के निलंबन के कारण विश्व तीरंदाजी के ध्वज के तहत तटस्थ एथलीटों के रूप में भाग लिया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

8. बैंकॉक में आयोजित 21वीं एशियाई चैंपियनशिप में महिला रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक किसने जीता ___**दीपिका कुमारी।**

नोट:

- दीपिका ने अंकिता को एकतरफा फाइनल में 6-0 से हराया।
- इससे पहले, दोनों ने इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश करके देश के लिए एक व्यक्तिगत ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

9. खेल मंत्रालय ने **राष्ट्रीय खेल संहिता मसौदे** की समीक्षा हेतु किसकी अध्यक्षता में 13 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया _____ **न्यायमूर्ति मुकुंदकम शर्मा।**

नोट:

- पूर्व खिलाड़ी गगन नारंग, बाइचुंग भूटिया, अंजू बॉबी जॉर्ज और राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद समिति के सदस्य हैं।
- समिति का गठन सभी हितधारकों को खेल संहिता को स्वीकार्य बनाने के उपायों का सुझाव देने के लिए किया गया है।
- यह पारदर्शिता और स्वायत्तता की आवश्यकता के सामने राष्ट्रीय खेल संघों की स्वायत्तता के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करेगा।

----------0----------

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

Gradeup Green Card

Includes

- 200 + Full-length Mocks
- 5+ Defence Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

gradeup